an>

Title: Need to declare road connecting Meerut- Garhmukteshwar - Siyana and Bulandshahar as a National Highway.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)ः मेरठ गढ़मुक्तेश्वर, स्याना होते हुए बुलन्दशहर तक का मार्ग कृषि, उद्योग, व्यापार, धार्मिक, ऐतिहासिक तथा आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केन्द्रों को जोड़ता है। साथ ही यह मार्ग मेरठ से बागपत होते हुए सानीपत तक इन नगरों को परतापुर बाईपास पर एन.एच.58, बागपत में दिल्ली-यमनोत्री स्टेट हाईवे-57 तथा सोनीपत में एन.एच.-1 से भी जोड़ देता है। इधर मेरठ से बुलन्दशहर की ओर यह मार्ग हापुड़ अड्डा मेरठ में एन.एच-235, गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ में एन.एच.-24 तथा बुलन्दशहर में एन.एच.91 को जोड़ता ही है।

इस प्रकार मेरठ, गढ़मुक्तेश्वर, स्याना तथा बुलन्दशहर को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने से यह राष्ट्रीय राजमार्ग उपरोक्त वर्णित सभी 6 राजमार्ग (एन.एच.-1, स्टेट हाईवे-57, एन.एच.58, एन.एच-235, एन.एच.-24, तथा एन.एच.91) को जोड़ने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण गलियारे के रूप में उपयोगी होगा तथा इन सभी राजमार्गों की उपयोगिता एवं क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा। इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश व हरियाणा की अर्थव्यवस्था में मुख्य रूप से तथा उत्तर भारत की अर्थ व्यवस्था में सामान्य से तीव्र वृद्धि होगी।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त मेरठ, गढ़मुक्तेश्वर, स्याना तथा बुलन्दशहर को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की कृपा करें।